

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

Shubh Navratri

सिर्फ आनंद ज्वेल्स पर 100% पैसा वापसी



*शर्तें लागू

100% Buyback with Money Return on Polki Value

only at

ANAND®

Polki

Indore | Bhopal | Raipur



महाराजा अग्रसेन जयंती
की हार्दिक शुभकामनाएं

किया जिसने खुद को समाज को समर्पित।
उस महाराज अग्रसेन को मैं नमन करने आया हूं।।

माथे पे अग्रोहा का चंदन मैं लगाने आया हूं।
एक परोपकारी राजा का मैं वंदन करने आया हूं।।

कौन थे महाराजा अग्रसेन

महाराजा अग्रसेन का जन्म द्वापर युग के अंत और कलयुग के शुरुआती समय में हुआ था। उन्हें भगवान श्री कृष्ण के समकालीन माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार राजा अग्रसेन का जन्म आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा अवधि के आगमन के दिन हुआ था जिस वजह से नवरात्रि का पहला दिन अग्रसेन जयंती के रूप में जैन और अग्रवाल समुदाय के द्वारा मनाया जाता है। इस दिन राजा अग्रसेन का जन्म दिन होता है। इस दिन उत्तर भारत के कई राज्यों में सार्वजनिक अवकाश रहता है। राजा अग्रसेन के श्रद्धालु मुख्य रूप से हरियाणा, पंजाब, राजस्थान के कुछ क्षेत्र से संबंध रखते है। राजा अग्रसेन क्षत्रिय कुल के थे मगर वह एक समाजवादी दानी और परम पूजनीय व्यक्ति थे। राजा अग्रसेन के श्रद्धालु मुख्य रूप से अग्रही, अग्रवाल, और जैन समुदाय के होते है। राजा अग्रसेन की शासन अवधि 4250 बी सी से 637 ए डी तक रही है। उस जमाने में व्यापारियों की राजधानी अग्रोहा थी। राजा अग्रसेन अग्रदेय नाम के गणराज्य के राजा थे, इतिहासकारों के द्वारा वह राम राज्य के समर्थक और प्रथम समाजवादी थे जो राजघराने पर नहीं बल्कि प्रजातंत्र पर विश्वास रखते थे।


समस्त क्षेत्रवासियों को
क्वांर नवरात्र एवं अग्रसेन जयंती की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

वरदान राईस इण्डस्ट्रीज
अर्जुनी-धमतरी

MANUFACTURERS OF SORTEX RICE
प्रो. नवलकिशोर अग्रवाल 94252-09255
शुभम अग्रवाल 75871-46727



अग्रसेन महाराज की जयंती
पर अग्र बंधुओं को तथा नवरात्र प्रारंभ
पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई


दुर्गा राईस मिल
सिहावा रोड, धमतरी
दयाराम अग्रवाल
अध्यक्ष : अग्रवाल समाज धमतरी एवं प्रोपराइटर : दुर्गा राइस मिल धमतरी


समस्त क्षेत्रवासियों एवं अग्र बंधुओं को
भगवान श्री अग्रसेन जयंती
एवं क्वांर नवरात्रि पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

आधुनिक
दंत रोगचिकित्सा केन्द्र
हीरा डेन्टल क्लीनिक

डॉ. अभिषेक गोयल
दंत रोग विशेषज्ञ (15 वर्षों का अनुभव)
क्लिनिक : भगवती लॉज के सामने, अशोक मेडिकल के बाजू // निवास - हीरालाल अग्रवाल सॉ मिल, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.) मो. : 98279-02380

समस्त क्षेत्रवासियों एवं अग्र बंधुओं को
भगवान श्री अग्रसेन जयंती

एवं क्वांर नवरात्रि पर्व की
हार्दिक
शुभकामनाएं


सरिता ज्वेलर्स
रतन कॉम्पलेक्स, रामबाग, धमतरी (छ.ग.)
सार्थक अग्रवाल 86024-14181


स्वास्तिक एग्रो
आरेंज ट्रेड सेंटर के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (छ.ग.)
रोहित पेट्रोल पंप के पास, माहुद, चारामा (छ.ग.)
हर्षित अग्रवाल 8319216030/8109711352


नवरात्रि प्रारंभ एवं
महाराज श्री अग्रसेन जयंती
पर सभी अग्रवाल बंधुओं एवं क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं

बजरंग अग्रवाल
समाजसेवी धमतरी

तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026

2 1.31 करोड़ का स्टॉप डेम बना आफत : पहली ही बारिश में ...



2 शिवनंदा अस्पताल पर शासन व मरीज से धोखाधड़ी करने का आरोप



कुरुद | सिरीं | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



नवरात्रि विशेष



प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

20 साल से अज्ञात मृतकों की सद्गति के लिए जुटी स्वर्गधाम सेवा समिति

रूद्रेश्वर धाम रूद्री में किया 715 अज्ञात मृतकों का सामूहिक पिंडदान व तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सर्व पितृमोक्ष अमावस्या के अवसर पर रूद्रेश्वर धाम रूद्री में स्वर्गधाम सेवा समिति दो दशक से चली आ रही सामूहिक पिंडदान व तर्पण विधि-विधानपूर्वक संपन्न किया। सन 2004 से अब तक 715 अनजान मृतकों को ससम्मान सद्गति दे चुकी इस समिति ने उनकी आत्मा की शांति का बीड़ा उठाकर मिसाल पेश कर रही है।

शनिवार को चित्रोत्पला गंगा तट पर स्थित रूद्रेश्वर धाम में सुबह 10 बजे कार्यक्रम शुरू हुआ। पंडित रामअवतार तिवारी ने हिन्दू रीति-रिवाज के तहत पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद पिंडदान कर नदी में तर्पण कराया गया।

कार्यक्रम को डॉ. हीरा महावर, महेश रोहरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल सहित गणमान्य लोगों ने संबोधित कर स्वर्गधाम सेवा समिति की प्रशंसा की।



इस दौरान अर्जुनपुरी गोस्वामी, सियाराम साहू, गौकरण सिन्हा, राजू कस्तवार, दिलीप राज सोनी, गोलू रणसिंह, रूपेश शांडिल्य, कृपाशंकर मिश्रा, कमलेश कोठारी, शाहिद रजा, संजय यादव, चंपालाल साहू, विनीता पवार, उषा श्रीवास्तव, जगजीवन सिंह सिद्धू, तीरथराज फूटान, अमनगिरी गोस्वामी, कैलाश सोनी, किशोर, विशाल गौरी, सुनीता पवार, विकास शर्मा, डॉ. रविकिरण शिंदे, डॉ. राकेश सोनी, राजवंश पवार, दानीराम साहू, चंदूलाल चंद्राकर, यशकरण गजेन्द्र, मुकेश पवार, विकास निर्मलकर, संतोष सार्वा, विलासराव डफले, योगेश गांधी, मनुराज आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में गुरूशरण साहू ने अपनी सुमधुर आवाज में भजनों की प्रस्तुति दी।

पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता : अशोक पवार

स्वर्गधाम सेवा समिति के अध्यक्ष एवंत गोलछा और महासचिव अशोक पवार ने पितृपक्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन 16 दिनों को केवल शोक या कर्मकांड नहीं बल्कि हमारे पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रकट करने त्योहार के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष समिति ने 715 अनजान लाशों का तर्पण और पिंडदान कर मानवता की मिसाल पेश की। हिन्दू धर्म में पितरों की तृप्ति के लिए जल और भोजन का विशेष विधान है, जिसे सात अलग-अलग प्रकार के तर्पण और हवन के माध्यम से पूरा किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस विशेष अवधि में गाय, श्वान-कुत्ता, काग-कौआ जैसे जीवों की सेवा करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित करना सराहनीय कदम है। तर्पण का वास्तविक अर्थ पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना है। इससे मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। समाज में सभी प्राणियों के प्रति समरसता और सद्भावना का भाव भी जागृत होता है।

मानसून की वापसी दो दिन बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



- तेज हवाओं के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना

प्रदेश से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी बीजापुर तक हो गई है। ओडिशा में बने परिसंचरण के कारण दो दिन बाद तेज हवाओं, गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा और वज्रपात की संभावना है।

मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी रेखा सुपौल, रांची सुंदरगढ़ बरगढ़, बीजापुर, हैदराबाद, बेलगावी, पणजी से होकर गुजर रही है। दक्षिण पश्चिम मानसून की ओर वापसी के लिए स्थितियां अनुकूल हो रही हैं। ओडिशा के मध्य भाग में समुद्र तल से 0.9 किमी की उंचाई पर उपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके प्रभाव से प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने तथा एक दो स्थानों में गरज-चमक के साथ वज्रपात होने के साथ 40-50 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

ऑपरेशन निश्चय : कार में गांजे की खेप, 4.98 लाख का माल जब्त



- भरदा चौक के आगे पुलिस की घेराबंदी में पकड़ाया आरोपी, 8 किलो गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

चमचमाती कार में गांजे की खेप लेकर जा रहे एक आरोपी को कुरुद पुलिस ने नारी-कुरुद मार्ग पर भरदा चौक के आगे घेराबंदी कर पकड़ लिया। धमतरी पुलिस के ऑपरेशन निश्चय के तहत हुई इस कार्रवाई में 8 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार और मोबाइल फोन सहित कुल 4.98 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई। इस दौरान कार से गांजा बरामद हुआ। मौके से गोबरा निवासी रामनाथ अंसारी (46) को गिरफ्तार किया गया। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 80 हजार रुपये, कार की 4 लाख रुपये और मोबाइल फोन की कीमत 18 हजार रुपये आंकी गई है। इस मामले में थाना कुरुद में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) में अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है। पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई के बाद पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है। गांजे की खेप कहां से लाई गई थी और इसमें अन्य लोगों की संलिप्तता है या नहीं, इसकी जानकारी विवेचना से स्पष्ट होगी। पुलिस के अनुसार आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

नहर में मिला महिला का शव, शिनाख्त नहीं



धमतरी। बठेना नहर नाली में एक अज्ञात महिला का शव मिला है। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह बठेनापारा से होते हुए आगे गई नहर नाली में बाईपास के उस पार एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर कोतवाली व अर्जुनी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पानी से बाहर निकलवाकर वरदान संस्था की एम्बुलेंस से जिला अस्पताल के मच्चुरी भेज दिया। महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। परिजनों के मिलने के बाद शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम किया जाएगा। महिला की उम्र 30 से 40 वर्ष बताई गई है।

खबर संक्षेप

जहर सेवन से वृद्ध की मौत

धमतरी। मानसिक बीमारी से पीड़ति वृद्ध ने जहरीली दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम तरसींवा निवासी कन्हैया लाल साहू पिता बल्दूराम उम्र 69 वर्ष को 3-4 साल पहले ब्रेन हेमरेज हुआ था। डॉक्टर व वैद्य के पास उसका उपचार चल रहा था। उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। शुक्रवार की दोपहर वृद्ध ने घर में पशुओं में परजीवी (मिन्नी) मारने के लिए रखी जहरीली दवाई का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने वृद्ध को उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।















खबर संक्षेप

शारदीय नवरात्रि आज से, 19 को महाअष्टमी एवं महानवमी

धमतरी। विप्र विद्वत परिषद की बैठक में हिंदू पंचांग एवं देव पंचांग के अनुसार इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर्व की तिथियों को लेकर निर्णय लिया गया। परिषद के अनुसार इस वर्ष शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ 11 अक्टूबर रविवार से होगा। अष्टमी एवं नवमी तिथि को लेकर श्रद्धालुओं में बनी भ्रम की स्थिति को स्पष्ट करते हुए परिषद ने बताया कि 18 अक्टूबर को सुबह 8:28 बजे से अष्टमी तिथि प्रारंभ होगी, जो 19 अक्टूबर को सुबह 10:50 बजे तक रहेगी। इसके बाद नवमी तिथि प्रारंभ होगी। 19 अक्टूबर सोमवार को महाअष्टमी एवं महानवमी तथा 20 अक्टूबर को विजयादशमी (दशहरा) पर्व मनाया जाएगा।

- 20 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व मनाया जायेगा

चैतन्य देवी झांकी 12 से 15 तक

मगरलोड। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विवि सेवा केंद्र मगरलोड के सहयोग से इस वर्ष शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नगर पंचायत मगरलोड के सोसाइटी परिसर में चार दिवसीय चैतन्य देवी झांकी का प्रदर्शन 12 से 15 अक्टूबर के बीच होने जा रहा है। प्रतिदिन शाम 7 से रात्रि 10 बजे तक मां दुर्गा के अष्ट शक्ति स्वरूप के दिव्य दर्शन होंगे। ब्रम्हाकुमारीज की बाल ब्रह्मचारिणी बहनें चैतन्य देवियों के रूप मेंअपनी तपस्या एवं योग साधना के बल पर बिना पलक झपकाए मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की महिमा, प्रसिद्धि बतायेंगी।



निधन : रेखराम निषाद

मगरलोड। ग्राम सौंगा निवासी रेखराम निषाद का आकस्मिक निधन हो गया। वह चित्ररेखा निषाद के पति व नारद- रूक्मणि बाई के पुत्र थे। उनके अंतिम संस्कार में सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।



गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना क्रम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना, आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाई ईलाज। निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

6 लाख का नुकसान ; तकनीकी चूक या निगरानी में खेल

1.31 करोड़ का स्टॉप डेम पहली ही बारिश में ढहा तटबंध

यशवंत गंजीर ⏭कुरूद

धमतरी जिले में जल संसाधन विभाग द्वारा मड़ाईभाठा में 131.00 लाख (1.31 करोड़) रुपए की लागत से बनाया जा रहा स्टॉप डेम पहली ही बारिश में विवादों में घिर गया है। अनुबंध क्रमांक 01/डी.एल./2026-27 के तहत दुर्ग की फर्म ए.के.एस. डेवलपर्स एंड कंपनी द्वारा कार्यपालन अभियंता धमतरी की निगरानी में यह कार्य कराया जा रहा है। जल प्रवाह के सही तकनीकी आकलन और मजबूत बेस के बिना खड़ा किया गया तटबंध ढहने से विभागीय दावों और निर्माण गुणवत्ता पर सीधे सवाल खड़े हो गए हैं।

कुरुद ब्लाक के भेंडरा निवासी किसान महेश कुमार साहू ने कलेक्टर से शिकायत कर बताया कि बिना पूर्व सूचना उनके खेत की मेड़ पर कमजोर तटबंध बना दिया गया। तेज पानी के दबाव में तटबंध टूटने से 70 डिसमिल खेत की उपजाऊ मिट्टी बह गई और वहां गहरा गड्ढा बन गया। इसके साथ ही एक कुआं, 3 एचपी का बोर, पक्का मकान, मशीनरी और 11 बोरी खाद नष्ट होने से करीब 6 लाख रुपए के नुकसान का दावा करते हुए किसान ने शासन से क्षतिपूर्ति मांगी है।







सैकड़ों किसानों पर जलभराव और भूमि कटाव का खतरा

यह मामला सिर्फ एक किसान के नुकसान तक सीमित नहीं है, बल्कि मड़ाईभाठा-भेंडरा क्षेत्र के किसानों के लिए गंभीर संकट बन चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि पानी की सुरक्षित निकासी और 'सरप्लस वियर' का समुचित प्रबंध नहीं किया गया। यदि जल निकासी की ठोस तकनीकी व्यवस्था तत्काल नहीं बनाई गई, तो आने वाली बारिश में सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि में भारी कटाव और जलभराव की गंभीर आशंका बनी रहेगी।

दस्तावेजी साक्ष्य के साथ उच्चस्तरीय जांच की मांग

पीड़ित किसान ने स्थल के छायाचित्र, बी-1 खतौनी और संबंधित साक्ष्यों के साथ जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता को भी प्रतिलिपि सौंपी है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन मौके का निष्पक्ष तकनीकी निरीक्षण कराकर लापरवाह ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त वित्तीय व तकनीकी जवाबदेही तय करेगा या फिर इस गंभीर लापरवाही पर पर्दा डाल दिया जाएगा।

शिवनंदा हॉस्पिटल पर शासन व मरीज से धोखाधड़ी करने का आरोप

- आयुष्मान कार्ड से क्लेम के बाद भी मरीज से 60 हजार रुपए ले लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिविल लाइन स्थित शिवनंदा हॉस्पिटल पर आयुष्मान कार्ड से इलाज के बावजूद मरीज से करीब 60 हजार रुपये लेने का आरोप लगा है। कलेक्टर से लिखित शिकायत कर मरीज ने कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि शासन आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का भरसक प्रयास कर रहा है। इसके बावजूद कुछ निजी अस्पताल उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीज को आयुष्मान कार्ड से इलाज करने के नाम पर भर्ती तो कर लेते हैं लेकिन मरीज से मोटी रकम वसूलने से भी नहीं चूकते।

इस तरह आयुष्मान से क्लेम करने के बाद भी मरीज से रुपए वसूलकर शासन व मरीजों के साथ धोखाधड़ी करते हैं। कुछ इसी तरह का मामला शिवनंदा हॉस्पिटल में सामने आया है। स्थानीय बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव चौक कोष्टापारा निवासी सिविल इंजीनियर हरिश्चंद्र देवांगन देवांगन ने कलेक्टर को दिए शिकायत में कहा है कि वह 10 सितंबर को घर की पहली मंजिल से गिर गया था। उनकी कमर और कूल्हे की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया था। इलाज के लिए वे शिवनंदा हॉस्पिटल में अस्पताल में भर्ती हुए जहां उनका ऑपरेशन हुआ। करीब आठ दिन तक इलाज चला। उनका आरोप है कि आयुष्मान कार्ड से इलाज का भरोसा देने के बावजूद ऑपरेशन के नाम पर 30 हजार रुपये मांगे गए। बाद में दवाइयों और जांचों के लिए भी पैसे लिए गए। श्री देवांगन का दावा है कि उन्होंने करीब 45 हजार रुपये ऑनलाइन और शेष राशि नकद दी। डिस्चार्ज के दिन दवाइयों के लिए 3,160 रुपये और एंबुलेंस के लिए 500 रुपये भी लेने का आरोप है। उनके आयुष्मान कार्ड से करीब 65 हजार रुपये के क्लेम का संदेश मिलने के बाद उन्होंने अस्पताल से भुगतान की राशि वापस मांगी लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल के काउंटर पर उनसे बिल वापस ले लिए गए और मांगने पर लौटाए नहीं गए। उनका कहना है कि इलाज की रिपोर्ट फाइल और ऑनलाइन भुगतान के रिकॉर्ड उनके पास उपलब्ध हैं। इस संबंध में अस्पताल संचालक ने मीडिया से किसी तरह की बात करने से मना कर दिया।





जांच के बाद होगी कार्रवाई : कलेक्टर

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मीडिया को बताया कि आयुष्मान कार्ड से संबंधित शिकायत मिली है और उसकी जांच की जा रही है। शिकायत सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। अब जांच में यह स्पष्ट होगा कि अस्पताल ने आयुष्मान योजना के तहत कितनी राशि का क्लेम किया और मरीज से अलग से ली गई रकम किस मद में थी। फिलहाल मामला जांचाधीन है। जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

मां की अर्थी को सात बेटियों ने दिया कंधा, दी मुखाग्नि



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- मां के निधन पर निभाया बेटे का फर्ज

नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 4 मरारपारा निवासी गोवर्धन पटेल की पत्नी धनेश्वरी पटेल का 10 अक्टूबर को स्वास्थ्य खराब के कारण निधन हो गया। उसकी अंत्येष्टि नगर पंचायत भखारा के मुक्तिधाम में हुई। मृतक का कोई पुत्र नहीं है लेकिन सात पुत्रियां हैं। मां की अर्थी को सातों बहनों ने कंधा दिया। सभी बहनों ने अपनी मां को मुखाग्नि दी। इस अवसर पर समाज प्रमुख सियाराम पटेल का कहना है कि समाज बेटा और बेटी में भेद नहीं रखता। किसी भी मां-बाप के लिए बेटा और बेटी दोनों समान हैं।

बेलरगांव में 50 बिस्तर अस्पताल और महाविद्यालय खोलने की मांग

- युवा मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री टंकराम वर्मा को सौंपा ज्ञापन
- नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव में शामिल होने का दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



बेलरगांव क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और उच्च शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा से रायपुर स्थित उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बेलरगांव में 50 बिस्तर वाले सिविल अस्पताल तथा महाविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधियों ने मंत्री को बताया कि बेलरगांव क्षेत्र से 50 से अधिक गांव जुड़े हुए हैं। यहां पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं और उच्च शिक्षा संस्थान के अभाव में ग्रामीणों को उपचार एवं कॉलेज की पढ़ाई के लिए नगरी और धमतरी जाना पड़ता है। इससे ग्रामीणों, विद्यार्थियों और उनके परिजनों को समय एवं संसाधनों की परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए बेलरगांव में 50 बिस्तर वाले सिविल अस्पताल और महाविद्यालय की स्थापना आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल ने दोनों मांगों पर शासन स्तर पर पहल करने का आग्रह किया। इस पर मंत्री टंकराम वर्मा ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधियों ने उन्हें बेलरगांव में आयोजित होने वाले नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रण भी दिया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत सभापति प्रेमलता नागवंशी, भारतीय जनता युवा मोर्चा बेलरगांव मंडल अध्यक्ष लिलेश प्रजापति, युवा मोर्चा धमतरी जिला उपाध्यक्ष मौर्यध्वज सेन, जिला उपाध्यक्ष चित्रांश नागवंशी, बूथ अध्यक्ष केशर यादव एवं पूर्व सरपंच नेताम सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सरपंच ने पोषण एवं स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

जीजामगांव। ग्राम पंचायत दरबा में सेवा संकल्प योजना अंतर्गत आंगन मिलन, पोषण आहार एवं सम्मान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई। ग्रामीण महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा लहरे एवं दिव्या साहू सहित सहायिकाओं को सम्मानित किया। वहीं आंगनबाड़ी के बच्चों को खिलौने भी वितरित किए गए। मौके पर उपसरपंच गुलशन साहू, पंच सुमित्रा सपहा, ज्योति वर्मा, नूतन साहू एवं महिला बूथ अध्यक्ष कविता देवांगन सहित ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। महिलाओं ने ग्राम दरबा को स्वच्छ, स्वस्थ एवं कुपोषण मुक्त बनाने का संकल्प लिया।



- दरबा में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

पोषण और स्वच्छता से दूर होगा कुपोषण

सरपंच पूजा साहू ने कहा कि गांव को स्वस्थ, स्वच्छ एवं कुपोषण मुक्त बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए प्रत्येक परिवार को जागरूक होकर अपने घर से शुरुआत करनी होगी। महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य समाज की प्रगति का आधार है। गर्भवती महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने के साथ नियमित स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। परिवार के सदस्यों को भी उनकी देखभाल और उचित पोषण पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए पौष्टिक भोजन, स्वच्छ वातावरण और उचित देखभाल आवश्यक है। सभी के निरंतर प्रयास से ग्राम दरबा को सुपोषित एवं कुपोषण मुक्त बनाया जा सकता है।

बिंद्रानवागांव स्कूल की प्रधानपाठिका ने रोपे पौधे



धमतरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाने जन-जन तक संदेश दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्राथमिक शाला बिंद्रानवागांव की प्रधानपाठिका श्रीमती जसवंत कौर खालसा द्वारा अपने जन्म दिवस पर एक पेड़ मां के नाम पर 10 पौधे लगाए। बच्चों को पेड़ से मिलने वाले लाभ एवं महत्व को बताकर उन्हें सुरक्षित, संरक्षित करने की बात कही। बाल संगठन के पर्यावरण संरक्षण मंत्री को जिम्मेदारी दी गई। मौके सरपंच श्रीमती प्रसून शुक्ला, सचिव चुन्नीलाल साहू, प्रधानपाठिका माध्यमिक शाला गौरी गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

केकराखोली में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट 14 से

मगरलोड। ग्राम केकराखोली में केआरसी क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 14 अक्टूबर से किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम इनाम 18051 रूपये, द्वितीय 9051 रूपये, तृतीय 4551 रूपये, चतुर्थ इनाम 2551 रूपये है। प्रवेश शुल्क 700 रूपये रखा गया है। यह जानकारी समिति के संरक्षक सुरेश मरकाम, अध्यक्ष अशोक नेताम, कोषाध्यक्ष कविशेक नेताम ने दी है।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक स्थायी इलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

Pride of Dhamtari

धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल
TO SERVE, NOT TO BE SERVED
ESTD. - 1910
- न्यूरोसर्जरी : सटीक देखभाल के लिए -
दिमाग | रीढ़ | तंत्रिका
EXPERTISE | EMPATHY | BETTER OUTCOMES
बस स्टैण्ड के पास धमतरी (छ.ग.)
94249-42992
उन्नत न्यूरोसर्जिकल देखभाल के लिए जीवन को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध
डॉ.आशना जबीन
MBBS, DrNB (Neurosurgery)
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल में न्यूरो सर्जन प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे

सिद्धिविनायक बच्चों का अस्पताल
24 घंटे भर्ती सुविधा
- एनआईसीयु
- आईसीयु
- पीडियाट्रिक वार्ड
- टीकाकरण
- ओपीडी
'आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमारे हाथ'
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ (पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़)
अंबेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. 9981321524, 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिरी - 99261-66875, जोगमगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

HEALTH TOWN
न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ-
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
- नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार
- TPA की सुविधा
संपर्क करें- 9009553889, 9090204620
पता - एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, माटली मंदिर के सामने, गुढियारी, रायपुर

स्पाइन
रीड की हड्डी एवं नसों का इलाज, न्यूरो-पंचकर्म विधि द्वारा किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 9.30 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



नवरात्रि पर्व एवं महाराजा अग्रसेन जयंती

की हार्दिक शुभकामनाएं



या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः

॥ स्वदेशी अपनाएँ, देश को समृद्ध बनाएँ ॥

शुभ वेंचर
स्वदेशी से समृद्धि

।। श्री गणेशाय नमः ।।

हैण्डलूम वेयर्स
भव्य प्रदर्शनी एवं बिक्री

स्वदेशी शिल्प महोत्सव
हथकरघा प्रदर्शनी एवं बिक्री

आप सादर आमंत्रित हैं...

1 अक्टूबर 2026 से 25 अक्टूबर 2026 तक
स्थान : मिशन ग्राउंड, खनाबांधा चौक, ICICI बैंक के पास, धमतरी



देश के विभिन्न राज्यों के कुशल कारीगरों और बुनकरों द्वारा निर्मित
पारंपरिक हस्तशिल्प, हथकरगा वस्त्रों एवं स्वदेशी उत्पादो की

स्वदेशी शिल्प महोत्सव

आईए,
इस शुभ अवसर पर
उपस्थित होकर कारीगरों
का उत्साहवर्धन करें
और
स्वदेशी अभियान को
जन-जन तक पहुंचाएं।

- भारत के विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध हथकरधा उत्पाद
- हस्तशिल्प, गृह सज्जा, परिधान, प्राकृतिक एवं पारंपरिक वस्तुएं
- *स्वदेशी को बढ़ावा :* आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम

आयोजक :
शुभ वेंचर स्वदेशी से समृद्धि

प्रभु श्री रामचंद्र जी के वंशज, सूर्यवंशी और अग्रकुल प्रवर्तक
श्री श्री 1008 भगवान
श्री अग्रसेन महाराज जयंती
और शारदीय नवरात्रि
की समस्त क्षेत्रवासियों एवं अग्रबंधुओं को
हार्दिक शुभेच्छा





अमित अग्रवाल
जिलाध्यक्ष
अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन
धमतरी

समस्त क्षेत्रवासियों को
क्वांर नवरात्र एवं अग्रसेन जयंती
के पावन पर्व पर
हार्दिक बधाई





- विनीत -
नत्थूलाल जी
टीकमचंद जी अग्रवाल
गोला बीड़ी के सामने,
गोल बाजार, धमतरी
रौनक अग्रवाल

समस्त क्षेत्रवासियों को
क्वांर नवरात्र
एवं
अग्रसेन
जयंती
के
पावन पर्व पर





हार्दिक बधाई

एक शुभचिंतक धमतरी

या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता ।। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

श्रीमद् देवी भागवत कथा
एवं शतचंडी महायज्ञ

ग्राम-संबलपुर
जिला-धमतरी (छ.ग.)

सादर आमंत्रण



सच्चिाय माता जी



सच्चिाय माता जी

मान्यवर
माँ जगदम्बा की कृपा से श्रीमद् देवी भागवत कथा एवं माँ शतचंडी यज्ञ का दिव्य आयोजन किया जा रहा है।
इस पावन अवसार पर आप परिवार सहित सादर आमंत्रित है और माँ की कृपा के भागी बने।



श्री ज्ञानेश्वर महाराज जी
कालिका पीठेश्वर धामसंबलपुर, धमतरी (छ.ग.)

कार्यक्रम विवरण
दिनांक : 11 अक्टूबर 2026 रविवार से
19 अक्टूबर 2026 सोमवार
समय : दोपहर 02:00 बजे से
संध्या 05:00 बजे तक
स्थान – कैजान टोयोटा शोरूम के पास
कालिका पीठेश्वर धाम संबलपुर, धमतरी (छ.ग.)

वंदे भारत

विशेष अनुष्ठान
इस पावन अवसर पर
माता सच्चिाय माता एवं
जय माँ पद्मावती
विशेष अनुष्ठान किया जाएगा





विशेष कार्यक्रम– समापन दिवस
दिनांक : 19 अक्टूबर 2026
दिन : सोमवार
सुबह : 10 बजे से
यज्ञ अनुष्ठान, कन्या भोज
एवं महाप्रसादी भंडारा



आयोजक - सुरेश बागमार-उषा बागमार परिवार केशकाल, रायपुर

दर्शनाभिलाषी सहयोग श्री लक्ष्मी नारायण सेवा समिति, संबलपुर, जिला-धमतरी(छ.ग.)
संपर्क नंबर -
98271-66507,
98277-69032

SARTHAK 9406011721

लाल की ललकार
हर किसान का भरोसा
mahindra TRACTORS
TOUGH HARDUM
ट्रैक्टर ही नहीं, भरोसा भी
लाल की ललकार
धरती से निकले
उपहार
ऑफर अंतिम 4 दिन
कॉम्बो ऑफर
₹10.21 लाख
Mahindra NOVO 605DI-PS
कम डाउनपेमेंट
₹54 999
Mahindra YUVO TECH+ 575DI
स्पेशल कीमत
₹8.89 लाख
Mahindra YUVO TECH+ 585DI
बड़ा पिछला टायर-16.9×28
* कीमत व शर्तें लागू, नोट- आरटीओ और बीमा अतिरिक्त है।
लोन प्रोसेसिंग फीस अलग से देय होगा। यह ऑफर एक्सचेंज पर मान्य नहीं है।
-: आवश्यकता है :-
- धमतरी -
सेल्स मैनेजर - 2 पद
मैकेनिक - 5 पद
सेल्समेन - 10 पद
हार्वेस्टर मैकेनिक- 2 पद
- भखारा -
सेल्स मैनेजर - 1 पद
मैकेनिक - 2 पद
सेल्समेन - 4 पद
हार्वेस्टर मैकेनिक - 1 पद
रिज्युम/बायोडाटा वाट्सएप्प करें - 8290934603 साक्षात्कार के लिए संपर्क करें - 9893145916, 9907938368
साक्षात्कार के लिए अपना बायोडाटा लेकर दिनाँक 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नीचे दिए पते पर पहुचे.
मेला... मेला...
सेकण्ड हैण्ड ट्रेक्टर मेला
ट्रेक्टर मालिक बनने का सुनहरा अवसर
मूल्य 1 लाख से शुरू
विभिन्न कंपनियों के 2000 से 2025 तक के मॉडल लोन सुविधा के साथ
सभी कंपनियों के ट्रेक्टर अच्छी कंडीशन में उपलब्ध
* नियम एवं शर्तें लागू
अधिकृत विक्रेता -
बरडिया एग्रो
रिलायंस पेट्रोल पंप के पास अर्जुनी, धमतरी
संपर्क करें : 8290934603, 9754731999, 9893145916